– 03 –

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का न्यायालय, रामगढ़

आदेश पत्रक

विविध अपील वाद संख्या – 57/2023

कार्तिक माँझी वगै० बनाम् एतवा माँझी वगै०

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख
18.07.2023	आवेदक के विज्ञ अधिवक्ता को सुनने एवं उनके द्वारा समर्पित कागजातों का अवलोकन करने से स्पष्ट है कि आवेदक 1. कार्तिक माँझी, पिता–स्व० रूपा माँझी, 2. चरका माँझी, पिता–स्व० साव माँझी, 3. सोधन माँझी, पिता– पुरण माँझी, 4. चेतवा माँझी, पिता–स्व० चोहा माँझी, 5. कजरू माँझी, पिता–स्व० कार्तिक माँझी, सभी निवास ग्राम–सारूबेडा, पो०–सारूबेडा, थाना–माण्डू, जिला–रामगढ़ द्वारा के द्वारा भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रामगढ़ के न्यायालय में दायर संदेहात्मक जमाबंदी वाद संख्या–02/2013–14/16/2015–16 कार्तिक माँझी वगै० बनाम् एतवा माँझी वगै० में दिनांक–05.01.2023 को पारित आदेश विरुद्ध U/s- 215 (v) of C.N.T Act & U/s- 3 of Bihar Board's Miscellaneuos Rules, 1958 के तहत् अपील दायर किया गया है। जिसे प्रविष्टि के बिन्दु पर सुनावाई की गई। विज्ञ अधिवक्ता को सुनने एवं अभिलेख में संलग्न कागजातों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि भूमि रैयती खाते की है। रैयती खाते की भूमि पर संदेहात्मक जमाबंदी का वाद चलाना नियमानुकुल प्रतीत नहीं होता है। अतः उक्त परिप्रेक्ष्य में आवेदक द्वारा दायर किये गये आवेदन को प्रविष्टि के बिन्दु पर अस्वीकृत किया जाता है। संचित करें। लेखापित एवं संशोधित। माधवी मिश्रा 18.7.23 उपायुक्त, रामगढ़।	माधवी मिश्रा 18.7.23 उपायुक्त, रामगढ़।

Digitally signed by MADHVI MISHRA
Date: 2023.07.19 12:45:18 +05:30
Location: 192.168.0.243